हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 40.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

10 आदि कर्मयोगी अभियान वास्तव में एक परिवर्तनकारी..




10 रजत जयंती समारोह को लेकर हुई बैठक...



प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
सत्र - 2025-26
B.Ed. काउंसलिंग से प्रवेश
B.Ed | BCA | PGDCA | DCA | B.P.Ed. | B.P.E.S | B.COM | B.Sc [CS/IT]
PG Diploma in yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 9926162830

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने कर्रापारा के घर से देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी भारत यादव पिता भीम यादव (22 साल) वार्ड नंबर 07 कर्रापारा बागबाहरा के कब्जे से देशी प्लेन कुल 5.620 मिली कीमत करीबन 2480 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### ससुर ने बहू से की मारपीट

**महासमुंद।** बहू से मारपीट करने वाले ससुर के खिलाफ बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। घटना ग्राम छोटेपटनी की है। पुलिस को रितु निषाद ग्राम छोटेपटनी ने बताया कि 31 अगस्त को करीब 12 बजे घरेलू बात को लेकर उसका ससुर देवराम निषाद गाली गलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा, जिस पर वह किसी तरह अपने बेटे को लेकर घर से बाहर निकल भागी। घर से बाहर निकलकर मोबाइल के माध्यम से अपने पापा तेजराम निषाद एवं चाचा पुष्तम निषाद, मसत राम मांझी को घटना की सूचना दी, उनके आने पर उसके ससुर ने मेरे पापा एवं चाचा के साथ भी वाद विवाद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बोर से अवैध कनेक्शन लेने मना किया तो मारपीट

**महासमुंद।** बोर से अवैध कनेक्शन लेकर मोटर पंप चलाने से मना करने पर एक व्यक्ति से मारपीट के मामले में सांकरा पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बड़ेलोरम में एक सितंबर को सुबह करीब 7 बजे इंदर साहू के बोर से गांव का रोहित प्रधान अवैध कनेक्शन लेकर नाला में मोटर पंप चला रहा था, जिसे इंदर साहू ने मना किया जिस पर आरोपी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

**प्रदर्शन :** जिले में लंबे समय से खाद की किल्लत और खाद की कालाबाजारी, किसान काफी आक्रोशित

# खाद की हो रही किल्लत के चलते किसानों ने खोला मोर्चा, नेशनल हाईवे-53 में किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/पिथौरा

- किसानों के प्रदर्शन को मिला समर्थन, कांग्रेस के जनप्रतिनिधि हुए शामिल

जिले के किसानों ने खाद की समस्या को लेकर मोर्चा खोलते हुए चक्का जाम कर अपना विरोध जताया है। जिले में लंबे समय से खाद की किल्लत और खाद की कालाबाजारी चल रही है जिससे अंचल के किसान काफी आक्रोशित है। किसानों का सोमवार को गुस्सा फूट पड़ा। जिले के सांकरा अंचल के सैकड़ों किसानों ने नेशनल हाईवे- 53 में चक्काजाम कर दिया। घंटों चक्काजाम और शासन प्रशासन के खिलाफ किसान उग्र प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करते रहे। वहीं किसानों के प्रदर्शन का भी समर्थन मिला। कांग्रेस के किसान नेता और जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। आपको बता दें कि महीनों बीत जाने के बाद भी किसानों को सरकारी सोसायटियों के माध्यम से अब तक पर्याप्त मात्र में खाद की आपूर्ति नहीं की गई है। खाद नहीं मिलने से एक तरफ किसान परेशान हैं, उनकी फसल खराब हो रही है। वहीं बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि अगर सरकारी सोसायटियों में खाद आपूर्ति नहीं है तो फिर प्राइवेट सेक्टरों के दुकानों में कैसे ट्रकों से यूरिया खाद आ रहा है। महीनों बीत जाने के बाद भी किसानों को सरकारी सोसायटियों से खाद की पर्याप्त आपूर्ति नहीं की जा रही है, जिसके कारण खेतों में खड़ी फसलें खराब हो रही हैं।



कांग्रेस किसान नेता और जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर जुगनू ने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन जानबूझकर किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा रहा है। मजबूरी में किसान 266 रुपए की यूरिया खाद को प्राइवेट दुकानदारों से 1000 रुपये में खरीदने को विवश हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंचल के कुछ व्यापारी कालाबाजारी करते हुए मनमाने दाम पर खाद बेच रहे हैं और बड़ी मात्रा में ओडिशा में तस्करी भी की जा रही है।

### चार दिनों के भीतर होगी उपलब्धता : तहसीलदार

आंदोलन के दौरान मौके पर पहुंचीं तहसीलदार नमिता मारकोले ने किसानों को आश्वासन दिया कि आगामी चार दिनों के भीतर यूरिया खाद उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके बाद किसानों ने चक्काजाम समाप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर ने कहा कि किसानों को समय पर खाद नहीं मिलने से खेती-किसानी पर बुरा असर पड़ रहा है, ऐसे में प्रशासन को तत्काल व्यवस्था करनी चाहिए। वहीं संगठन के ब्लॉक संयोजक अजय कुमार साहू ने कहा कि यदि तय समय सीमा में यूरिया खाद नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### दूसरे राज्य में भी तस्करी का आरोप

किसानों ने ओडिशा में खाद की तस्करी करने का आरोप भी लगाया है। वहीं कृषि विभाग के अधिकारी का कहना है कि, शासन की ओर से खाद की आपूर्ति कम हो रही है इसलिए समस्या आ रही है। फिलहाल किसानों को समझाया गया है और वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी गई है।



### भाजपा सरकार के 20 माह के कार्यकाल में किसानों की दुर्दशाः विनोद

छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों के लिए पूरी तरह ट्रबल इंजन बन चुका है। सरकार को किसानों के परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। सरकार ने खरीफ सीजन शुरू होते ही पहले कृत्रिम रूप से डीएपी संकट खड़ा किया और अब यूरिया संकट पैदा कर धान उत्पादन को घटाने की षड़यंत्र रचा है। उक्त आरोप पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने आज किसानों द्वारा यूरिया संकट को लेकर सांकरा के पास नेशनल हाइवे में चक्काजाम किए जाने पर कही।



### रुचि नहीं सरकार को किसानों की समस्या सेः सृष्टि

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के सदस्य सृष्टि चंद्राकर ने आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराने में सरकार रुचि नहीं ले रही है। जिले में लगातार पहले डीएपी और अब यूरिया जैसे रासायनिक खाद की कमी बनी हुई। जिसके कारण आज किसानों को चक्काजाम करने की नौबत आ गई है। लगातार मांग के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं देना सरकार का किसान विरोधी चेहरा को उजागर कर रहा है। सृष्टि ने आगे कहा कि विगत 26 अगस्त को जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल ने कलेक्टर को पत्र लिखकर सरायपाली ब्लाक के प्राथमिक साख सहकारी समितियों में यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की थी।

# आंबा कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं का धरना

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौपेंगी ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तृतीय श्रेणी और सहायिकाओं को चतुर्थ श्रेणी शासकीय कर्मचारी का दर्जा, शासकीय दर्जा मिलने तक देशभर में एक समान वेतन लागू करने, कार्यकर्ताओं को 26 हजार व सहायिकाओं को 22,100 प्रतिमाह वेतन, सेवानिवृत्ति पर पेंशन सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को संयुक्त मंच के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका प्रदेशव्यापी आंदोलन पर रहे।



स्थानीय नया रावणभांठा स्थित दशहरा मैदान में कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने धरना दिया और शासन के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। आंदोलन में जिलेभर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं शामिल हुईं, जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों का कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ। बताया गया कि धरना-सभा के बाद रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगी।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहीं सुधा रात्रे, द्रोपती साहू और सुलेखा शर्मा ने कहा कि सेवाएं 50 वर्ष पूरे होने के बाद भी कार्यकर्ता-सहायिकाओं को न तो शासकीय कर्मचारी का दर्जा मिला और न ही न्यूनतम मजदूरी व सामाजिक सुरक्षा। आज हम संयुक्त मंच के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तृतीय श्रेणी और सहायिकाओं को चतुर्थ श्रेणी शासकीय कर्मचारी का दर्जा, शासकीय दर्जा मिलने तक देशभर में एक समान वेतन लागू करने, कार्यकर्ताओं को 26 हजार व सहायिकाओं को 22,100 प्रतिमाह वेतन, सेवानिवृत्ति पर पेंशन, ग्रेच्युटी, समूह बीमा एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधा, सहायिकाओं को कार्यकर्ता तथा कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर पद पर पदोन्नति,पोषण ट्रैकर, डिजिटल अनिवार्यताओं को समाप्त कर ऑफलाइन प्रणाली लागू की जाए, महंगाई भत्ता एवं न्यूनतम वेतन संबंधी गुजरात उच्च न्यायालय का आदेश छत्तीसगढ़ में भी लागू किया जाए, सेवा निवृत्ति के बाद कार्यकर्ताओं को 10 हजार एवं सहायिका को 8 हजार मासिक पेंशन, साथ ही क्रमशः 5 लाख एवं 4 लाख ग्रेच्युटी, आकस्मिक मृत्यु पर परिवार को अनुकंपा नियुक्ति आदि मांगों को लेकर धरना दे रही हैं। उन्होंने बताया कि संघ की हड़ताल से जिले की आंगनबाड़ी केंद्रों में समस्त गतिविधियां बंद है।

### ट्रैक्टर चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**महासमुंद।** ग्राम खुसीपार से ट्रैक्टर चोरी के मामले में कोमाखान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी उमांशकर महिलांग ग्राम खुसीपार रिपोर्ट दर्ज कराया कि साल 2023 में उसके भाई कलमेश महिलांग के नाम से ट्रैक्टर सीजी 06 जीएक्स 3120 को 6,50,000 रुपए में खरीदा था व विगत दो वर्षों से संयुक्त रूप से खेती कर रहे थे। 29 अगस्त को ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा किया था, सुबह 5 बजे उठकर देखा तो गली में ट्रैक्टर नहीं था। रिपोर्ट पर थाना कोमाखान में अपराध धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज देखा गया तथा संदिग्ध लोगों की पता तलाश कर रही थी कि मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त ट्रैक्टर को बागबाहरा निवासी गजेंद्र यादव चला रहा है। पुलिस की टीम के द्वारा मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम गजेंद्र यादव पिता विष्णु यादव (23 वर्ष) ग्राम मौलीमुड़ा बागबाहरा का होना बताया और उसने प्रार्थी के घर से ट्रैक्टर चोरी करना स्वीकार किया।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।



### झमाझम बारिश होने से लोगों को मिली गर्मी से राहत

**महासमुंद।** नगर में झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरे गर्मी से राहत मिली है। सोमवार की सुबह तो मौसम सामान्य रही, लेकिन गर्मी और उमस से परेशान लोगों को दोपहर हुई झमाझम बारिश से राहत मिली है। कई दिनों से बारिश का सिलसिला थमा हुआ था और उमस से लोग परेशान थे। दोपहर हुई झमाझम बारिश ने अपना असर दिखाया तो पूरा इलाका भीगता नजर आया।

# कांग्रेस भवन में टीएस का हुआ आगमन संगठन की मजबूती पर दिया जोर






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस भवन में छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव आगमन हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर उनका हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका एवं आगामी रणनीतियों पर मार्गदर्शन किया।

सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ताकत जमीनी कार्यकर्ता हैं और जनसेवा ही हमारा प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने स्थानीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया तथा सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनता की सेवा करने का आह्वान किया। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कही कि आज प्रदेश में वर्तमान भाजपा सरकार को 20 माह हो चुका है। सरकार कैसे और कहां से चल रही है, यह हम सब देख रहे हैं। प्रदेश में खाद की कमी, बिजली बिल हाफ योजना बंद, बिजली की बढ़ती कीमत, कर्मचारी हड़ताल पर, भर्तियां रूकी है, कानून व्यवस्था शिक्षा और स्वास्थ्य चरमराई हुई है। इन सभी का प्रभाव प्रदेश की आम जनता पर पड़ रहा है। यह सरकार छत्तीसगढ़ की आम जनता के हितों का न तो ख्याल रख पा रही है और न ही उनकी सुरक्षा कर पा रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले हमनें 5 साल सफलतापूर्वक शासन चलाया।

किसान, आम नागरिक से लेकर सभी वर्गों के लिए काम किया। किन्हीं कारणों से हम इस बार सरकार नहीं बना पाए। पर, अब की बार हमें एकजुट होकर संगठन, बूथ ईकाई, मंडल व सभी स्तर पर जोर-शोर से एक साथ मिलकर कार्य करना है। सिंह ने कहा कि मेरे पास जो राजनीतिक शेष समय रह गया है उसमें अर्जुन की तरह मेरा एक ही लक्ष्य है कि अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बने और लोकसभा में भी हम अधिक से अधिक सीट जीतकर देश में कांग्रेस की सरकार बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा है कि जिला, मंडल, सेक्टर, बूथ स्तर की बहुत बड़ी भूमिका हो सकती है। इन सभी को चाहिए कि वोटर लिस्ट पर बड़ी बारीकी से काम करना होगा। मतदाता सूची दुरुस्त करना, सही मतदाता वोट डाल सके इस पर बड़ी जिम्मेदारी से काम करने की जबाबदारी हमारे ऊपर है।

### एनएमएच कर्मचारियों के हड़ताल का किया समर्थन

आज धरनास्थल लोहिया चौक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों के मंच में समर्थन पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव पहुंचे और 10 सूत्रीय मांगों को उन्होंने जायज बताया। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा किसी पार्टी का न होकर कर्मचारी के हित में होना चाहिए, जो हमसे भूल हुई है, वह वर्तमान शासन द्वारा नहीं होनी चाहिए।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री अमरजीत चावला, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह, रश्मि चंद्राकर जिलाध्यक्ष, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, खिलावन साहू, ढेलू निषाद, रवि निषाद, भूपेंद्र ठाकुर, विजय कुमार साहू, संतोष पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहित ध्रुव, आलोक चंद्राकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य, सेवनलाल चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, मनोजकांत साहू, इश्तियाक खैरानी, प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा केशव चंद्राकर, प्रमोद चंद्राकर वनोपज जिला अध्यक्ष, अमन चंद्राकर युवा कांग्रेस अध्यक्ष, संजय शर्मा महामंत्री, लक्ष्मी देवांगन, सोमेश दवे, अरुण चंद्राकर, मनजीत सिंह सलूजा, तनवीर शाहिद, तौकीर दानी, पप्पू आहूजा, हेमसागर पटेल, किशोर नायक, अमर चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश जैन, गोविंद साहू, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, गणेश शर्मा महामंत्री, वीरेंद्र चंद्राकर, अरिन चंद्राकर, पूर्व पार्षद राजू साहू, तुलसी साहू, सुनील चंद्राकर, डॉ.परमानंद साहू, भरत ठाकुर, हेमलता निषाद पार्षद पिथौरा, जयश्री दास, बसंता ठाकुर, सोनम रामटेके, पार्षद मुस्ताक खान, जय देवांगन, गुलशन साहू, निर्मल जैन, मिंदर चावला, तबरेज खान, कमल प्रजापति, शाहबाज रजवानी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष एवं अन्य पार्टी पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आरोपियों के कब्जे से 11 किलो गांजा सहित वाहन व मोबाइल जब्त**

# गांजा का अवैध परिवहन कर रहे तीन अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली(ग्रामीण)

जिले की पुलिस ने गांजा की तस्करी कर रहे तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 11 किलो गांजा सहित वाहन व मोबाइल जब्त किया गया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम और सिंघोडा पुलिस ने बताया कि 1 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति एक सफेद कलर का एक्सयूवी कार क्रमांक आरजे 25 यूबी 0012 में अवैध मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे है। इसके बाद एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम एवं थाना सिंघोडा पुलिस के द्वारा एनएच 53 रोड सिल्की ढाबा के सामने ग्राम गनियारीपाली आकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद मुखबीर के बताये हुलिए का एक सफेद कलर की कार आई, जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे। जिन्होंने पूछताछ में अपने-अपने नाम दीपक शर्मा पिता ब्रजमोहन शर्मा (39 साल) नारेडा थाना व जिला बारा राजस्थान, सुरेंद्र कुमार पिता देवलाल (34 साल) वार्ड नंबर 09 आमापुरा बारा थाना व जिला बारा राजस्थान, महावीर सेन पिता सत्यानारायण सेन (35 साल) कुंज बिहार कालोनी बारा थाना व जिला बारा राजस्थान का निवासी होना बताए। टीम के द्वारा पूछताछ करने पर गोलमोल जबाब देने लगे लगातार पूछताछ करने पर वाहन के पीछे डिक्की में एक प्लास्टिक बोरी में गांजा रखना स्वीकार किये। आरोपियों के द्वारा उक्त गांजा को फुलवानी ओडिशा से बारा राजस्थान ले जाना बताया गया। आरोपियों के कब्जे से 11 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 1,80,000 रुपए, 01 एक्सयूवी कार कीमत 5,00,000 रुपए एवं 04 नग मोबाईल कीमत 30500 रुपए कुल 7,10,500 रुपए का सामान जब्त कर धारा 20(ब) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।






### खाद की कमी को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी ने जिले में डीएपी खाद की कालाबाजारी और कमी के संबंध में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष राकेश झाबक, जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र साहू, महिला जिला उपाध्यक्ष गीतांजलि देवांगन एवं रेणुका सोनवानी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### अवैधानिक कृत्यों को तत्काल बंद कराएं अन्यथा उग्र आंदोलन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के कांग्रेस पार्षदों, नागरिकों व समीपवर्ती ग्राम पंचायत कुकराडीह, खैरझिटी, कौंवाझर तथा गोपालपुर के सरपंचों ने क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री तथा देह व्यापार पर रोकथाम के लिए थाना प्रभारी तुमगाँव को ज्ञापन सौंपकर उक्त अवैधानिक कृत्यों को तत्काल बंद कराने की मांग की है। पार्षदों ने बताया कि लंबे समय से उक्त अवैधानिक कृत्यों को बंद कराने की मांग पुलिस प्रशासन से की जा रही है, लेकिन अवैध कृत्य अब भी जारी है, जिससे तुमगाँव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध बढ़ रहा है। आएदिन वाहन चालकों से लूटपाट ,लड़ाई -झगड़े की घटनाएं सामने आ रही है। उन्होंने शराब की अवैध बिक्री तथा देह व्यापार तत्काल बंद कराने अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षदों सहित ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच भुनेश्वर ध्रुव, कुकराडीह सरपंच श्रीमती मिथलेश्वरी भारत जोगी, खैरझिटी सरपंच श्रीमती रामेश्वरी चेलक, कौंवाझर सरपंच गेंदराम जांगड़े आदि उपस्थित रहे।

### खेल अनुशासन सिखाता है और सेहत बनाता है

**भानुप्रतापपुर।** ईएमआरएस फरसकोट में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वॉलीबॉल, बैडमिंटन, दौड़ और लंबी कूद जैसी स्पर्धाएं कराई गईं। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य लखन जुर्री द्वारा किया और उन्होने कहा कि शारीरिक गतिविधि केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक संतुलन और अनुशासन का भी आधार है। पीईटी शिक्षिका श्रेया त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों को खेलों से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से जीवन में अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व जैसे गुणों को अपनाने की प्रेरणा दी।

### कोचिए के कब्जे से अंग्रेजी शराब जब्त

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत चोरिया निवासी चंद्रशेखर कोर्राम के कब्जे से पुलिस ने अंग्रेजी शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी चंद्रशेखर कोर्राम 31 अगस्त को अपने कब्जे में 21 पौवा जिप्सी व्हिस्की शराब को अवैध रूप से रखा हुआ था और बेचने के लिए ग्राहक की तालाश कर रहा था। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर छापामार कार्यवाही कर आरोपी को पकड़ा गया व उसे के कब्जे से शराब को जप्त कर धारा 34 (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवचेना में लिया गया।

# बागबाहरा नगर में हुआ कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- **नगर भ्रमण के उपरांत शोभायात्रा मंडी प्रांगण में वापस लौटी, जहां मंचीय कार्यक्रमों की हुई शुरुआत**

नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव इस वर्ष बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ। यदुवंशी समाज की भागीदारी से आयोजित इस आयोजन ने पूरे नगर को भक्तिमय और सांस्कृतिक माहौल से सराबोर कर दिया।

करीब 4000 की संख्या में एकत्रित यदुवंशियों ने कृषि उपज मंडी प्रांगण से डीजे, बाजा-गाजा, पारंपरिक नृत्य और विभिन्न झांकियों के साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया। यात्रा के दौरान जगह-जगह समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पारंपरिक राऊत नाचा और अखाड़ा प्रदर्शन ने यात्रा की शोभा बढ़ा दी।

नगर भ्रमण के उपरांत शोभायात्रा मंडी प्रांगण में वापस लौटी, जहां मंचीय कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस, पेंटिंग प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए रंगोली और कुर्सी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को देर रात तक बांधे रखा। महोत्सव के दौरान खल्लारी विधानसभा के विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके करकमलों से यादव समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों, अतिथियों और वरिष्ठजनों का शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटो से सम्मान किया गया।



### शिक्षा समाज की तरक्की का आधार: द्वारिकाधीश

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि कृष्ण केवल धर्म और नीति के प्रतीक ही नहीं, बल्कि शिक्षा और ज्ञान के भी आदर्श प्रेरणास्रोत हैं। आज समाज की उन्नति और प्रगति का सबसे बड़ा आधार शिक्षा है। यदि हमारे बच्चे शिक्षित होंगे, तो आने वाली पीढ़ी मजबूत होगी और समाज हर क्षेत्र में अग्रसर होगा। उन्होंने सामाजिक एकता की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि एकजुटता ही समाज की ताकत है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर राजू यादव, डुमनलाल यादव, नंदलाल यादव, सुंदर यादव, हरिशंकर यादव, प्रीतम यादव, भेखराम यादव, प्रदीप यादव, राहुल यादव सिर्री, कन्हैया यादव, श्रवण यादव, दीपक यादव, मंता यादव, विश्राम यादव, बलराम यादव, पतित यादव, सतीश यादव, राहुल यादव बागबाहरा एवं देवेंद्र यादव, शरद हंसराज, दुर्गेश यादव, राज कुमार यादव, हबेलाल यादव, मनोहर यादव, बजरंगी यादव, चरण यादव आदि मौजूद रहे।

### कृष्ण की शिक्षा को आत्मसात करें: राजू

समाजसेवी राजू यादव ने कहा कि शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के बिना कोई भी समाज प्रगति नहीं कर सकता। हमें अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की दिशा में कार्य करना चाहिए और समाज में एकता बनाए रखना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जन्माष्टमी का पर्व हमें यह प्रेरणा देता है कि हम कृष्ण की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें और समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करें। वहीं बागबाहरा के युवा विनोद यादव ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि आज समय की सबसे बड़ी जरूरत शिक्षा है। यदि हम शिक्षा को अपना शस्त्र बनाएंगे, तो समाज को हर स्तर पर मजबूती मिलेगी।

## प्रदर्शन : पीएम पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा का आक्रोश

# राहुल-तेजस्वी-खड़गे का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बिहार के दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत माता के खिलाफ कथित रूप से की गई अभद्र टिप्पणी से उपजे आक्रोश के विरोध में बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शहीद वीर नारायण सिंह चौक पर किया गया, जहां राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और तेजस्वी यादव का पुतला दहन कर तीव्र विरोध दर्ज कराया गया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, र्राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और तेजस्वी यादव मुर्दाबाद और मुंह काला जैसे नारे गूंज उठे।



### अपमानजनक टिप्पणी पर भाजपा का रोष

बिहार के दरभंगा में आयोजित एक रैली में यूथ कांग्रेस से जुड़े आयोजक मोहम्मद नौशाद द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। इस घटना पर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे शर्मनाक और निंदनीय करार दिया। उन्होंने कहा कि राजनीति में मतभेद तो होते हैं, लेकिन अभद्रता और अशोभनीय भाषा के लिए कोई जगह नहीं है। विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर हैं। उनके खिलाफ गाली-गलौज करना न केवल अस्वीकार्य है, बल्कि यह लोकतंत्र का अपमान है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस अब नीचता पर उतर आई है, उसे क्या बोलना और क्या नहीं, यह समझ नहीं आता।

मीडिया से बात करते हुए विधायक ने कहा कि भारत में मां को देवतुल्य माना जाता है। बिहार जैसे राज्य में, जहां छठी मैया की पूजा होती है और मातृत्व को सर्वोच्च सम्मान दिया जाता है, वहां प्रधानमंत्री की दिवंगत माता के लिए अपशब्दों का प्रयोग कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की नैतिक गिरावट को दर्शाता है। विधायक डॉ अग्रवाल ने इसे एक सामान्य राजनीतिक टिप्पणी नहीं, बल्कि एक सुनियोजित और मंच से की गई अभद्रता बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की जनता इस चरित्रहीन राजनीति का मुंहतोड़ जवाब देगी। विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और तेजस्वी यादव भले ही हजार बार कान पकड़कर उठक-बैठक करें, लेकिन यह अपराध क्षमा योग्य नहीं है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए शब्दों में शालीनता बनी रहनी चाहिए।

विरोध प्रदर्शन में सांसद रुपकुमारी चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल एवं जितेंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश अग्रवाल, नगर पंचायत बसना अध्यक्ष डॉ खूशबू अग्रवाल, उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, जनपद पंचायत बसना उपाध्यक्ष मोहित पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव, अभिमन्यु जायसवाल, अखिलेश भोई, कामेश बंजारा, पार्षदगण व पार्षद प्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### पीएम के दिवंगत माता के ऊपर असभ्य टिप्पणी, भाजयुमो ने किया विरोध-प्रदर्शन

**बागबाहरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बिहार के दरभंगा में कांग्रेस पार्टी एवं आरजेडी पार्टी के संयुक्त सभा के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गवासी माता के ऊपर किए गए असभ्य टिप्पणी के खिलाफ बागबाहरा ब्लॉक मुख्यालय रेल्वे स्टेशन चौक पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव का पुतला दहन करके कड़ा विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजयुमो के प्रदर्शन के दौरान पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि लगातार चुनाव में पराजित होने के कारण कांग्रेस पार्टी के नेताओं की मानसिक स्थिति खराब हो गई है, जिसके चलते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गीय माता के ऊपर अशोभनीय एवं अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं। राहुल गांधी एवं तेजस्वी यादव को इस शर्मनाक घटना के लिए देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्का चंद्राकर ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कांग्रेस पार्टी और आरजेडी पार्टी को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा हमेशा राजनीतिक मर्यादा का उल्लंघन किया जाता रहा है तथा ऐसी घटनाओं से कांग्रेस पार्टी और आरजेडी पार्टी के महिला विरोधी चेहरा जनता के सामने आए हैं। इस निंदनीय घटना के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। भाजयुमो जिलाध्यक्ष जसराज चंद्राकर बाला ने कहा कि कांग्रेस, आरजेडी के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अशोभनीय कृत्य से भाजयुमो कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश है। भाजयुमो के कार्यकर्ता पूरे देश में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, नरेश चंद्राकर, दुबेलाल साहू, प्रेम साहू, मदन देवांगन, संजय माल्वे, लोकेश पनुरिया, कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र बग्गा, सहप्रभारी नारायण तांडी, मोती पुजारा, दुर्गाशंकर दुबे, अतुल गंडेचा, चंद्रशेखर ध्रुव, तुकाराम चंद्राकर, हीरा साहू, नितेश पांडे, पुरण सबर, पिंकी चंद्राकर, सविता दीवान, राजा देवांगन, सुरेंद्र श्रीवास्तव, मोहन दुबे, मानसिंह ध्रुव, तुलसी यादव, शिवा साहू, डायमंड साहू, ट्विंकल चौहान, अंजोर ध्रुव, बृजेश गुप्ता, सिकंदर सोनवाणी, प्रकाश पटेल, अरविंद छाबड़ा, नानू छाबड़ा, लोमश दीवान, नरेंद्र दीवान, नाथूराम साहू, संतोष ध्रुव, लोकेश नायक सहित अन्य भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



# कुलिया में इतवारी पर्व और सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

ग्राम कुलिया में रविवार को इतवारी त्योहार मनाया गया। चंद्रनाहू कुर्मी समाज कुलिया उपक्षेत्र के अध्यक्ष एवं ग्राम विकास समिति कुलिया के संचालक विक्रम सिंह चंद्राकर ने बताया कि इतवारी त्योहार के पावन अवसर पर ग्राम कुलिया की ओर से अद्वितीय पहल रही। समारोह में ठाकुर, पहटिया और कोतवाल को ग्राम कुलिया के लोगों ने अपने सामाजिक सरोकारों का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया है। ठाकुर, पहटिया और कोतवाल का सम्मान कर उनका मनोबल और योगदान को सार्वजनिक मंच पर सराहा गया। सम्मान समारोह में एकता, अखंडता और सम्मान की मिसाल ग्राम समुदाय ने एकजुट होकर आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी और ग्राम विकास समिति कुलिया के सदस्यों में मुख्य रूप से विनोद चंद्राकर, डिगेश चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, महेंद्र चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, अंकुश, आयुष, पंकज चंद्राकर, राजकुमार साहू, तुलसी यादव, लोप सिंग ठाकुर, बाबूलाल सिन्हा, मेवा निराल, लिमेश यादव, अनिल ठाकुर, टीकू साहू, संजय यादव, हेमचंद अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, नीलकंठ सिन्हा, हुमेश्वर सिन्हा, खिलावन यादव, खेदू यादव, मीनालाल ठाकुर, तेज साहू, हरक साहू, मन्नू साहू, लक्की साहू, जितेश सिन्हा, नेतराम साहू, जेठू साहू, महिला समिति से उत्तरी निराला, हेमलता सिन्हा, जमुना सिन्हा, लीला यादव, कुमारी साहू, लिलेश्वरी यादव, धनेश्वरी साहू आदि पर्व में शामिल हुए।

### दलदली रोड प्राथमिक शाला में हुआ पुस्तक वाचन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण पर रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय प्राथमिक शाला दलदली रोड में डाइट शिक्षक ईश्वर चंद्राकर की उपस्थिति एवं प्रधान पाठक निहारिका चंद्राकर के मार्गदर्शन में बच्चों के लिए स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता, दीवार पत्रिका विमोचन एवं पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि स्पीड रीडिंग के तहत कम समय में अधिक मात्रा में पढ़ना, यानी शब्दों को तेजी से पढ़ने की ऐसी तकनीक जिससे आपकी पढ़ने की गति बढ़े, लेकिन समझने की क्षमता बनी रहे। दीवार पत्रिका विमोचन के माध्यम से बच्चों के रचानात्मक प्रतिभा को अवसर प्रदान करना और पुस्तक वचन के माध्यम से बच्चों में अध्ययन क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित करने से बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। निहारिका चंद्राकर ने राज्य शासन के मंशा अनुरूप बच्चों में आपेक्षित क्षमता विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

### रजत जयंती उत्सव पर हुआ क्विज कंपीटिशन

**बसना।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद विजय कुमार लहरे के आदेशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना विनोद शुक्ला, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बद्री विशाल जोल्हे एवं सहायक विकास एवं शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला बिछिया (पो) में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ छत्तीसगढ़ गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर क्विज कंपीटिशन का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ से संबंधित लगभग 80 प्रश्नों का समावेश किया गया था। बच्चे बहुत ही उत्साहपूर्वक प्रश्नों का जवाब देते थे। बच्चों को दो दल में बांट दिया गया था। एक वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई दल और एक महाकवि कालिदास दल का नामकरण किया गया। क्विज कंपीटिशन में कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थी भाग लिए। रानी लक्ष्मीबाई दल ने 40 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब दे पाए एवं महाकवि कालिदास दल के विद्यार्थी 60 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब दिए। इसी तरह महाकवि कालिदास दल प्रथम स्थान पर विजयी घोषित हुआ। क्विज कंपीटिशन के सफल संचालन के लिए प्राथमिक शाला प्रधान पाठक अभिषेक कर के संरक्षण पर सहायक शिक्षक सुशील प्रधान के मार्गदर्शन एवं ग्राम पंचायत बिछिया द्वारा नियुक्त शिक्षा सहयोगी के रूप में कार्यरत भाग्यवंती यादव, दिलेश्वरी दीप एवं बैद्यनाथ बंजारा के सहयोग से कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए उच्च प्राथमिक विभाग से प्रभारी प्रधान पाठक रामनाथ साव एवं समस्त शिक्षक ने हर्ष व्यक्त किए। आगामी दिनों में इस तरह का कार्यक्रम सामान्य ज्ञान से सम्बंधित कराने के लिए प्रेरित किए।



# अनेक गांवों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण के लिए 1 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत

**सरायपाली (ग्रामीण)।** क्षेत्रीय विधायक चातुरी के अथक प्रयासों से सरायपाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सीसी रोड एवं नाली निर्माण के लिए 1 करोड़ से अधिक की स्वीकृति मिली है। विधायक की पहल से अब दूरस्थ अंचल के ग्राम चारभांठावासियों को अब कीचड़युक्त सड़क से मुक्ति मिलेगी।

विधायक चातुरी नंद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के तहत 5 कार्यों के लिए103.25 लाख रुपए की स्वीकृति पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मिली है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार ग्राम चारभांठा में 500 मीटर सीसी सड़क सह नाली निर्माण कार्य मंच से मुख्य मार्ग की ओर हेतु 38.82 लाख, ग्राम चारभांठा में स्कूल से महादेव घर की ओर सीसी रोड सह नाली निर्माण के लिए 15.99 लाख, ग्राम गोहेरापाली में हॉस्पिटल से टिकेशलाल घर तक सीसी रोड सह नाली निर्माण के लिए 16.05 लाख, ग्राम भूथिया कांजी हाउस से जागेश्वर प्रधान घर की ओर सीसी रोड सह नाली निर्माण 16.48 लाख एवं ग्राम जोगनीपाली में पीएमजीएसवाय सड़क से रविदास घर बस्ती वार्ड नंबर 3 में सीसी रोड सह नाली निर्माण हेतु 15.91 लाख रूपये की मिली है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि सरायपाली क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। मैं हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित हूं। क्षेत्र की बड़ी मांगों को लेकर भी मैंने मुख्यमंत्री, मंत्रीगण सहित उच्चाधिकारियों से भेंट की है और मुझे पूर्ण उम्मीद है कि जल्द ही बड़े मांगो की भी स्वीकृति मिलेगी। विधायक चातुरी नंद के प्रयासों से ग्रामीण अधोसरंचना के लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृति मिलने पर ग्राम पंचायत चारभांठा, गोहेरापाली, भूथिया, जोगनीपाली के सरपंच सहित ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया है। बता दें कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद क्षेत्र की जनहित से जुड़े मुद्दों से लेकर क्षेत्र के विकास कार्यों के प्रति बेहद ही समर्पित होकर कार्य कर रही है जिसकी चहुंओर सराहना हो रही है।

# केंद्रीय विद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, 58 का राष्ट्रीय खेल स्पर्धा के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

54वीं केवीएस संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के बच्चों द्वारा बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करते हुए 58 विद्यार्थियों का 54वीं केवीएस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में चयन हुआ। इसमें ताइक्वांडो पांच खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय खेलकूद में जीतकर राष्ट्रीय खेल राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। अंडर 14 बालक शौर्य प्रताप, अंडर-19 बालक वर्ग में मोहम्मद महिद हुसैन कुरैशी तथा बालिका वर्ग में अंडर 17 अदिति ध्रुव व श्रेयांशी साहू तथा अंडर-19 बालिका वर्ग में प्रिया साहू ने भाग लिया। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय द्वारा हैंडबॉल अंदर 17 बालक और बालिका वर्ग के बच्चों ने संभाग स्तरीय में गोल्ड मेडल लेते हुए सात बालकों व सात बालिकाओं केवीएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयन हुए। बालक में वर्ग में योग्य चंद्राकर, नवीन पटेल, गोविंद सेन, मयंक आवड़े, लक्ष्य विश्वास, नमन साहू, ईलेश आनंद जो कि रायपुर संभाग से राष्ट्रीय स्तर लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पगवाड़ा पंजाब में भाग लेते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं अंडर 17 बालिका वर्ग में भूमिका साहू, जानवी निषाद, ऋतिमा, हर्षिता साहू, खुशी ध्रुव, खुशी सोनवानी, वाणी सिन्हा। अंडर 14 हैंडबॉल बालिका वर्ग में श्रेयांशी सुसरला, अंजुनिधि निराला, पंछी निराला, आराध्या, टिया सिन्हा, पुष्पांजलि ध्रुव, गीतमाला, आलिया वर्मा, जानवी घोष, मोहिका साहू, उर्वशी ध्रुव, माही ध्रुव, महक बंजारे, मोक्षी लहरे तथा हैंडबॉल अंडर 14 बालक वर्ग यश साहू, राज कुमार नाग, आयुष गायकवाड, प्रिंस ध्रुव, नागार्जुन, विवेक सिन्हा, दिव्यांश बघेल, गौरव पांडे, अमरीश कुमार, शिवांशु ओजस चंद्राकर, राघव डड़सेना, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा पंजाब में केवीएस राष्ट्रीय खेलकूद में भाग लिया।



स्केटिंग में आर्यन सोनी द्वारा संभाग स्तरीय में गोल्ड मेडलिस्ट होते हुए पांडिचेरी के लिए केवीएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया। बैडमिंटन में तीन विद्यार्थियों का मोक्ष चंद्राकर अंडर-19 बालक वर्ग, देवांशी साहू अंदर 17 बालिका वर्ग तथा अदिति मानिकपुरी अंडर-19 बालिका वर्ग केवीएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता एर्नाकुलम केरल में भाग लिया तथा एथलेटिक्स में संभाग स्तर में बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार विद्यार्थियों ने नैतिक पचौरी व अर्पित चंद्राकर पोल वाट टी अंदर 17 बालक वर्ग दिव्यांश दीवान अंडर-19 बालक वर्ग तथा अलीशा पंकज हाई जंप अंडर 17 बालिका वर्ग ने केवीएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता त्रिवेंद्रम केरल के लिए चयनित हुए तथा चेस में दो बच्चों ने संभाग स्तर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए भूमिका साहू अंदर 14 बालिका वर्ग गोल्ड मेडल प्राप्त करते हुए गांधीनगर गुजरात तथा दीपांशु पाटले अहमदाबाद गुजरात के लिए के केवीएस राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्त्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### सतपाल पिथौरा सरपंच संघ के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



**पिथौरा।** स्थानीय जनपद सभागार में आयोजित विकासखंड स्तरीय सरपंचों की महत्वपूर्ण बैठक में ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा को सर्वसम्मति से पिथौरा विकासखंड सरपंच संघ का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया। उनकी निर्विवाद छवि और लंबे राजनीतिक अनुभव को देखते हुए सभी सरपंचों ने उनका समर्थन किया। बैठक की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने की तथा मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल रहे। सरपंच संघ के पदाधिकारियों का गठन भी किया गया, जिसमें उपाध्यक्ष के रूप में प्रियंका अमित सिन्हा (सरकड़ा) व शशिकला पटेल (बामड़ाडीह), सचिव हेमंत ठाकुर (लारीपुर), सहसचिव व जिला प्रतिनिधि किरण दुलीकेशन साहू (डोंगरीपाली) और प्रमुख सलाहकार किशोर बघेल (सपोस) नियुक्त किए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा ने कहा कि पंचायती राज से तीन दशक का अनुभव मुझे मिला है, उसी अनुभव का लाभ सरपंचों और विकासखंड को दिलाने का प्रयास करूंगा। शासन-प्रशासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी। क्षेत्र की जनता और पिथौरा के आशीर्वाद से जनपद अध्यक्ष भी रहा, यह संदेश देना चाहता हूं कि जो शासन सुशासन विष्णुदेव साय का चल रहा है, उसे मिलजुल कर जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। बैठक में सरपंचों के अलावा पुरुषोत्तम धृतलहरे, ब्रह्मा पटेल, कमलजीत सिंह पम्मी, सीताराम सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, दुलीकेशन साहू, नीलकंठ साहू, नरेश सिंघल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### चर्रा में कबड्डी स्पर्धा 4 को

**कुरूद।** ग्राम चर्रा में जय मां दंतेश्वरी समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन दंतेश्वरी चौक चर्रा में 4 सितंबर गुरुवार को रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय 7000, तृतीय 5000, चतुर्थ पुरस्कार 3000 प्रदान किया जाएगा।

### निधन

#### तरुणा साहू



**नर्रा।** ग्राम नर्रा निवासी तरूणा साहू का निधन 30 अगस्त शनिवार को हो गया। उनकी अंत्येष्टि कार्यक्रम में लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे परसुली सोसायटी के पूर्व समिति प्रबंधक तेजलाल साहू की पत्नी एवं विजय प्रेम साहू की मां थी।

**पर्यूषण पर्व :** नगर में जैन समाज ने धूमधाम से मनाया पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व

# क्षमा वीरों का आभूषण, जो वीर होता है उसी में होती है क्षमा करने की क्षमता : विवेकसागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उपाध्यायद्वय अध्यात्मयोगी महेंद्रसागर मसा एवं युवा मनीषी मनीषसागर मसा के शिष्यगण विवेकसागर मसा, शासनरत्नसागर मसा की पावन निश्रा में जैन संप्रदाय का आठ दिवसीय पर्युषण महापर्व का अंतिम दिवस संवत्सरी पर्व बुधवार को बड़े धूमधाम से मनाया गया।

प्रातः 4:45 बजे अनेक पुरुष महिलाएं और बच्चों ने पौषध लिया अर्थात एक दिन के साधु साध्वी बने। प्रातः 7 बजे से वल्लभ भवन में मूल बारसा सूत्र का वांचन प्रारंभ हुआ। वांचना के बाद जैन मंदिर से प्रारंभ होकर चैत्य परिपाटी गांधी चौक से होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंची। शाम को सामूहिक प्रतिक्रमण जैन मंदिर और शांतिनाथ भवन में हुआ। तत्पश्चात सभी ने अपने द्वारा जाने अनजाने में की गई गलतियों के लिए एक दूसरे से क्षमा याचना की। जैन संप्रदाय का ये विशेष पर्व है, जिसमे अपने अहंकार को खत्म कर सभी जीवों से माफी मांगने की प्रथा है। 20 अगस्त से 27 अगस्त तक पर्यूषण महापर्व की आराधना की गई। प्रतिदिन प्रतिक्रमण एवम कल्पसूत्र वांचन संतों की निश्रा में हुआ। प्रतिदिन शाम को जैन मंदिर में प्रभु की आरती और भक्ति बड़े धूमधाम से की गई। आठ दिन प्रभु की मनमोहक आंगी रचाई गई। आठ दिवसीय पर्व के पांचवें दिवस भगवान महावीर का जन्म कल्याणक बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। माता त्रिशला के चौदह स्वप्नों की बोलियों का लाभ समाज के अनेक सदस्यों ने लिया। पालना की बोली का लाभ नेमीचंद रतनचंद दिलीपचंद रमेश कुमार कोठारी परिवार ने लिया एवम लक्ष्मी की बोली का लाभ सोहनलाल, राजेश लूनिया परिवार ने लिया। दीपावली के दिन पट खोलने का लाभ केशरीचंद स्वरूपचंद गुमानचंद अभयकुमार लूनिया परिवार ने लिया। पर्यूषण महापर्व के समापन पश्चात 29 अगस्त को सामूहिक क्षमापना एवं सभी तपस्वियों का बहुमान व वरघोड़ा का आयोजन किया गया। बहुमान के कार्यक्रम के पश्चात करुणा बोथरा के मासक्षमण के उपलक्ष्य में नेमीचंद, राहुल, मनीष, मोहित बोथरा परिवार की तरफ़ से स्वामी वात्सल्य रखा गया।

जैन श्री संघ के सचिव रितेश गोलछा ने बताया कि इस वर्ष बहुत से आराधकों ने मासक्षमण, अठाई, नौ उपवास, आत्म शोधन, कर्म विजय, समवशरण, विजय कसाय, अक्षय निधि, तेला, एकांतर तप, 51/68 दिवसीय एकासना व बियासना आदि अनेक तपस्या की है। ज्योति बाफना, करुणा बोथरा, मंजू बोथरा, भक्ति गोलछा एवं भाविका वैद ने मासक्षमण की तपस्या की। इस वर्ष धर्मरक्षक शांतिनाथ मंडल द्वारा मेघ भवन में परमात्मा की मनमोहक झांकी, पंचतीर्थी झांकी एवं चारों दादागुरुदेव की जन्मस्थली की झांकी रचाई गई है। राणकपुर, भोपावर, नागेश्वर, गिरनार और ऋजुबालिका तीर्थ की 3डी झांकी सबको आकर्षित कर रही है। सभी तीर्थों और दादा के जन्मस्थलों में रोज सबेरे और शाम आरती और मंगलदीया किया जा रहा है। पूज्य विवेकसागर मसा की निश्रा में संवत्सरी का प्रतिक्रमण किया गया, जिसमे मसा ने प्रतिक्रमण की सभी क्रियाओं को विस्तार से समझाते हुए उसके महत्व का वर्णन किया। उन्होंने क्षमा के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि क्षमा तो वीरों का आभूषण है, जो वीर होता है उसी में क्षमा करने की क्षमता होती है। उन्होंने सकल जैन संघ से मिच्छामि दुःखड़म बोलते हुए क्षमायाचना की और संघ ने भी उनसे आशीर्वाद लेकर क्षमायाचना की। संवत्सरी के पश्चात 31 अगस्त को द्वितीय दादागुरुदेव मणिधारी जिनचन्द्र सूरी की जन्मस्थली विक्रमपुर से उनकी स्वर्गारोहण स्थली महरौली तक भाव यात्रा निकाली गई। विक्रमपुर सोहनलाल बसंतकुमार तन्मय लूनिया के निवास स्थान में एवं महरौली स्वरूपचंद गुमान अभय लूनिया के निवास स्थान में बनाया गया था। रात्रि बालाजी एजेंसी में परमात्मा की भक्ति आयोजित की गई।



### सामूहिक क्षमापना में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हुए शामिल

जैन समाज के आयोजन सामूहिक क्षमापना के आयोजन में अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा जैन मंदिर पहुंचकर जैन संतों और श्रावक श्राविकाओं से खमत खामना किए। उन्होंने जैन समाज के तप और आराधना की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने सभी अल्पसंख्यकों से अपना जाति प्रमाणपत्र बनाने की अपील की। उनके साथ भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंग गुरुदत्ता, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिका, पार्षद पीयूष साहू, गुरुद्वारा कमेटी के दिलीप सिंह गुरुदत्ता, अवतार सिंग मल्होत्रा, नारायण सिंग, प्रिंस चावला के साथ साथ यतिन राव, विजय प्रताप सिंह आदि अनेक नागरिक उपस्थित थे। जैन श्री संघ की ललिता बरडिया ने बताया कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब जैन समाज के क्षमापना कार्यक्रम पर विभिन्न धर्म के लोग जैन मंदिर पधारे। सिख समाज की ओर से सरदार सतपाल सिंग एवं सरदार प्रिंस चावला ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। जैन समाज की तरफ़ से सचिव रितेश गोलछा ने आभार व्यक्त किया।



## गणेश पंडालों में पहुंचकर नपाध्यक्ष ने की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नगर के विभिन्न पंडालों पर विराजित भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। नपाध्यक्ष ने गंजपारा, श्रीराम टॉकीज काली मंदिर, थॉमस गली, रेलवे स्टेशन रोड, लोहिया चौक आदि स्थानों पर पहुंचकर विघ्नहर्ता की पूजा की। इस दौरान काली मंदिर के समीप विराजित गणेश समिति द्वारा नपाध्यक्ष को उनके समिति द्वारा विराजित की गई प्रतिमा की छाया चित्र भेंटकर किया गया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि महासमुंद का गणेश उत्सव पूरे जिले में प्रसिद्ध है। यहां के युवाओं व धर्म प्रेमियों के सहयोग से शहर में उत्साह, उमंग व भक्ति पूर्ण वातावरण पूरे 11 दिनों तक बना रहता है।



## डाक विभाग जन विश्वास असेवा समर्पण का विभाग, लालच व बहकावे में ना आए कर्मचारीः भूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

पिथौरा उप डाकघर अंतर्गत ग्राम डूमरपाली में पदस्थ टीकाराम पटेल को उप डाकघर पिथौरा में भावभीनी विदाई दी गई। उप डाकपाल भूपेंद्र साहू, डाक सहायक गजराज ध्रुव, पोस्टमैन दीपेंद्र सोनी, मनीषा, मुकेश यादव, जीत कुमार चंद्राकर, नम्मू सेन, हितेश पटेल, परीक्षित साहू, दीपक गौतम, मुक्तिराम सहित सभी 24 ब्रांच डाकघर के कर्मियों ने आकर्षक गिफ्ट शाल, श्रीफल देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक महेंद्र ठाकुर भी शामिल हुए। विदाई के मौके पर उप डाकपाल भूपेंद्र साहू, डाक सहायक गजराज ध्रुव ने श्री पटेल के कार्यों का स्मरण करते हुए उन्हें एक उत्कृष्ट कर्मचारी और विभाग के प्रति समर्पित बताया। वहीं उपस्थित कर्मियों से ईमानदारी और लगन से कार्य करने तथा विभाग द्वारा दिए गए लक्ष्यों को पूर्ण करने आग्रह किया। साथ ही अधिकारी द्वारा ने लालच बहकावे से दूर रहने आम जनता के प्रति समर्पित होने ईमानदारी और लगन से कार्य करने की बात कही। डाक विभाग जन विश्वास और सेवा समर्पण का विभाग है, जिसे आत्मसात सभी कर्मचारियों को करना है। कार्यक्रम में अनेक कर्मचारी ने अपने-अपने विचार भी व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र ध्रुव और शाखा डाकपाल दीपक गौतम ने किया।

### संस्कार व्यक्ति की है पहचान, इससे निखरता है उसका व्यक्तित्वः तुषार

**महासमुंद।** संस्कार व्यक्ति की पहचान है। इससे उसका व्यक्तित्व निखरता है। अच्छा व्यक्तित्व उसके संस्कार से ही आता है। हमारा घर संस्कार की पाठशाला है। संस्कार की शुरुआत घर व परिवार से होती है। यह बातें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कही। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खट्टीडीह में युवा गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि संस्कार व्यक्ति को महान बनाता है। सही गलत करने के पूर्व सचेत करता है। हम सभी को अपनी संस्कृति व संस्कार को बनाए रखना चाहिए। संस्कार की पाठशाला घर से ही प्रारंभ होती है। अच्छी आदतों को बार-बार याद कर जीवन में उतारना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को अपनी परंपरा को नहीं छोड़ना चाहिए। कार्यक्रम में सरपंच भुवनेश्वर ध्रुव, पूर्व उपसरपंच चंद्रशेखर साहू, पटवारी कमलेश ध्रुव, गुरुजी द्वारिका साहू, त्रिलोक साहू, तोहल साहू, तुलेश साहू, संतोष कोतवाल, समिति सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## गांड़ा समाज के 10 लाख की लागत से बना सामाजिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बागबाहरा के नवागांव में 10 लाख रुपए की लागत से बना छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज का बहुप्रतीक्षित सामाजिक भवन समाज का लोकार्पण समारोह हुआ।

नवागांव में आयोजित यह लोकार्पण समारोह छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधानसभा के विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता गांड़ा समाज के ब्लॉक अध्यक्ष हीराराम नेताम एवं नगर इकाई अध्यक्ष थनवार कुलदीप ने संयुक्त रूप से की। साथ ही विशिष्ट अतिथि नगर पालिका बागबाहरा की अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल मंचासीन रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत गांड़ा समाज की आराध्य बूढ़ादेव एवं महादेव की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं विधायक यादव के कर कमलों से फीता काटकर सामाजिक भवन का लोकार्पण विधिवत हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि गांड़ा समाज का इतिहास केवल श्रमशील और मेहनतकश समाज का इतिहास हीनहीं है, बल्कि यह साहस और बलिदान की गाथा है। देश की आज़ादी की लड़ाई में इस समाज के वीरों ने अपने प्राणों की आहूति देकर आज़ादी की नींव को मजबूत किया। इस विषय मेंआने वाली पीढ़ी को जानना और आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने गांड़ा समाज की राजनीतिक भागीदारी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गांड़ा समाज ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान किया है। राजनीति में इस समाज की भागीदारी बढ़ रही है। आने वाली पीढ़ी को राजनीति और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे आना चाहिए, ताकि समाज के अधिकारों और हितों की रक्षा हो सके।

उन्होंने सामाजिक भवन को गांड़ा समाज की एकता और प्रगति का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह भवन केवल ईंट-पत्थर से बनी इमारत नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक शक्ति और संस्कृति का केंद्र है। आने वाली पीढ़ियाँ यहीं से शिक्षा, संस्कार और संगठन की प्रेरणा लेंगी। यह भवन समाज की पहचान और भविष्य का आधार बनेगा। विधायक ने अपने उद्बोधन के समापन पर कहा कि गांड़ा समाज का गौरवशाली इतिहास, वर्तमान उपलब्धियां और उज्ज्वल भविष्य हम सबके लिए गर्व का विषय है। यह भवन उस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले समय में समाज की एकता, शिक्षा और संस्कृति को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

उल्लेखनीय है कि यह सामाजिक भवन 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित हुआ है। जिसकी स्वीकृति तत्कालीन छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रयासों से हुई थी। जिसके लिए समाजजनों ने विधायक यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से थानु राम पांडे, शिव जगत, मोहन कुलदीप, वेदराम नंदे, मनीष अग्रवाल, नाथूराम महानंद, पोषण यशवंत विभार, कुम्मन अरविंद महानंद, भेखलाल बघेल, हरीश जगत, बसंती घासीराम नागवंशी, हसदेव डोगरे, लता कमलेश टांडे, पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी, गुलशन कुमार बघेल, कमलेश टांडे, आसाराम मोगरे, कोमल महानंद सहित बड़ी संख्या में गांड़ा समाज नगर इकाई एवं विकासखंड बागबाहरा के पदाधिकारी, सदस्य, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।



## गुड शेफर्ड स्कूल में हुआ छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। समारोह का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रलय थिटे तथा विशेष अतिथि भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर डा. जॉर्ज रावटे एवं डॉ. अनिता जी रावटे मौजूद रहे। विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम की मुख्य कड़ी में हेड बॉय विवेक पटेल, हेड गर्ल इशरत बानो, वाइस हेड बॉय हर्ष बांदे, वाइस हेड गर्ल शहनाज़, जूनियर हेड बॉय आरिज़ अशरफी, जूनियर हेड गर्ल मन्नू दीवान के साथ ही स्पोर्ट्स इंचार्ज, डिसिप्लिन इंचार्ज एवं कल्चरल इंचार्ज सहित सभी छात्र प्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि प्रलय थिटे द्वारा शपथ दिलाई गई। अतिथियों ने सभी पदाधिकारियों को बैज पहनाकर एवं समूह इंचार्ज को उनके ग्रुप का ध्वज सौंपकर जिम्मेदारियां प्रदान कीं।



मुख्य अतिथि थिटे ने कहा कि छात्र संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि विद्यालय की अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भावना की पहचान है। प्रत्येक पदाधिकारी को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने ईसा मसीह, गुरु गोविंद सिंह और छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा ली गई प्रतिज्ञाओं का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को निष्ठापूर्वक शपथ का पालन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को यह भी समझाया कि जीवन में सदैव ईश्वर, गुरु और माता-पिता को सम्मानपूर्वक सर्वोपरि रखना चाहिए। विशेष अतिथि पाली ने कहा कि शालेय शपथ ग्रहण समारोह केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि कर्तव्यों के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की शुरुआत है। उन्होंने नई शिक्षा नीति की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को नई दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय के संचालक डा. जॉर्ज रावटे ने छात्र संघ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रक्रिया विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और सहयोग की भावना का विकास करती है।

डॉ. अनिता रावटे ने कहा कि आज से आप सब विद्यालय की नेतृत्व टीम के रूप में उत्तरदायित्व निभाने के लिए साक्षी बनाए गए हैं। यह कठिन अवश्य है, पर असंभव नहीं। अपने गुणों को तराशें और अपने आचरण से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनें। उन्होंने समस्त स्टाफ की मेहनत एवं टीम भावना की भी सराहना की। समारोह के अन्त में प्राचार्य एम निवास राव ने आभार व्यक्त एवं संचालन प्रधान पाठिका मिताली गुरुंग ने किया। इसमें डॉली शर्मा, जाबिर खान एवं यास्मीन बेगम का विशेष सहयोग रह।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //
रा.प्र.क्र... /ब-121/वर्ष 2024-25
ग्राम : बिछलादादर, प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. कोमाखान तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका चमरिन बरिहा पति बसन्त बरिहा जाति बिंझवार निवासी बिछलादादर तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, उनके मामा मेहत्तर पिता मंगलू का मृत्यु दिनांक 02.06.2010 को ग्राम बिछलादादर तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदिका एवं उनके अन्य परिजनों की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदिका द्वारा अपने मामा मेहत्तर पिता मंगलू की मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार एवं ग्राम पंचायत बिछलादादर को नहीं दे पाया, जिसके कारण रजिस्ट्रार ग्राम पंचायत बिछलादादर के द्वारा आवेदक के मामा मेहत्तर पिता मंगलू का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदिका के द्वारा अपने मामा मेहत्तर पिता मंगलू का मृत्यु दिनांक 02.06.2010 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 12.09.2025 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर/दावा या आपत्ति हो अथवा को आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 12.09.2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार कोमाखान

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //
रा.प्र.क्र... /ब-121/वर्ष 2024-25
ग्राम : बिछलादादर, प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. कोमाखान तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका चमरिन बरिहा पति बसन्त बरिहा जाति बिंझवार निवासी बिछलादादर तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, उनकी नानी लच्छनीबाई पति श्री मंगलू का मृत्यु दिनांक 03.04.2015 को ग्राम बिछलादादर तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदिका एवं उनके अन्य परिजनों की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदिका द्वारा अपनी नानी लच्छनी बाई पति श्री मंगलू की मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार एवं ग्राम पंचायत बिछलादादर को नहीं दे पाया, जिसके कारण रजिस्ट्रार ग्राम पंचायत बिछलादादर के द्वारा आवेदक की नानी लच्छनी बाई पति श्री मंगलू का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदिका के द्वारा अपनी नानी लच्छनीबाई पति श्री मंगलू का मृत्यु दिनांक 03.04.2015 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 12.09.2025 नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर/दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 12.09.2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर को विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार कोमाखान

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //
रा.प्र.क्र... /ब-121/वर्ष 2024-25
ग्राम : बिछलादादर, प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. कोमाखान तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका चमरिन बरिहा पति बसन्त बरिहा जाति बिंझवार निवासी बिछलादादर तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, उनकी माता राजबती पति सियाराम का मृत्यु दिनांक 05.04.2013 को ग्राम बिछलादादर तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदिका एवं उनके अन्य परिजनों की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदिका द्वारा अपनी माता राजबती पति सियाराम की मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार एवं ग्राम पंचायत बिछलादादर को नहीं दे पाया, जिसके कारण रजिस्ट्रार ग्राम पंचायत बिछलादादर के द्वारा आवेदक की माता राजबती पति सियाराम का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदिका के द्वारा अपनी माता राजबती पति सियाराम का मृत्यु दिनांक 05.04.2013 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 12.09.2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया

मुहर | तहसीलदार कोमाखान

## खबर संक्षेप



### खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान

**खरोरा।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य रामप्यारी साहू ने बताया कि यहां स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया और गांव में साफ-सफाई की गई।

### कॉलेज में प्रवेश के लिए तिथि बढ़ी

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के प्रवेश प्रक्रिया 05 सितंबर तक वृद्धि किया गया है। महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति एनईपी 2020 अंतर्गत 04 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए महाविद्यालय से संपर्क कर बीए/बीएससी (बायो/कंप्यूटर साइंस)/डीसीए/पीजीडीसीए में बची हुई रिक्त सीटों के लिए पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कॉलेज में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं।

### पॉलिटेक्निक में पॉश एक्ट पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक में आंतरिक परिवाद समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सचिव जज विधिक सेवा प्राधिकरण आफरीन बानो उपस्थित थीं। शासकीय पॉलिटेक्निक की प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा ने कार्यक्रम के आरम्भ में पॉश एक्ट के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि सभी को इस अधिनियम के प्रति संवेदनशील और जागरूक रहने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान आफरीन बानो ने पॉश एक्ट 2013 के महत्व और इसके अनुपालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस अधिनियम के प्रति जागरूक रहने और इसके प्रावधानों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने पॉश एक्ट के महत्व और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चर्चा की और एक दूसरे के साथ अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पॉश एक्ट के प्रति जागरूक करने और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंत में शोभा मालीवाल विभागाध्यक्ष सिविल ने आंतरिक परिवाद समिति की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ वीनू चंद्राकर ने किया।

## निधन

### कालिया सेंद्रे



**महासमुंद।** शहर के वार्ड नंबर 25 सेवा भारती कॉलोनी निवासी नगर पालिका के सफाई कर्मचारी कालिया सेंद्रे (50) का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जिला गौ रक्षक प्रमुख सुमन सेंद्रे के पिता थे।

### आयोजन : अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण की हुई शुरुआत

# आदि कर्मयोगी अभियान वास्तव में एक परिवर्तनकारी राष्ट्रीय आंदोलन : संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद




जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आदि कर्मयोगी नामक नई पहल की गई है। इस अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ बसना विधायक सम्पत अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी सचिन भूतड़ा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय सहित राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि, विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स और स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सम्पत अग्रवाल ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान वास्तव में एक परिवर्तनकारी राष्ट्रीय आंदोलन है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास दूरदर्शी आव्हान का प्रतीक है तथा विकसित भारत के व्यापक रूपरेखा है। उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण जिसमें जिले के जनजाति समुदायों को शासन की विभिन्न योजनाओं का वास्तविक लाभ और उनकी समस्याओं को नजदीक से जानने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निश्चित ही यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजाति कार्यक्रम में अब योजनाएं उनके समग्र विकास के लिए बनेंगी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार ने कहा कि पहले योजनाएं ऊपर से नीचे की ओर आती थी। इस कार्यक्रम में अब योजनाएं धरातल पर बनेगी और इसका क्रियान्वयन के लिए जनसमुदाय भी आगे आएंगे। उन्होंने बताया धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जनजाति गौरव वर्ष के एक भाग के रूप में आदि कर्मयोगी अभियान के लिए रणनीति बनाई गई। जिसमें जनजाति समुदायों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा गया। उन्होंने बताया कि महासमुंद जिले में इस अभियान की सफल क्रियान्वयन के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य योजना तैयार की जा रही है।

## शिक्षा के मानवीकरण से ही आएगा दुनिया में बदलाव



**महासमुंद।** शिक्षक व मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के संचालक गेंदलाल कोकड़िया ने मानव तीर्थ किरिटपुर में अपने विचार रखते हुए जीवन विद्या लोक व्यापीकरण अभियान के संदर्भ में कहते हुए स्वविवेक और स्वभाव गति से आगे बढ़ने की बात कही। कोकडिया ने गांधी विद्या मंदिर, सरदार शहर चुरु राजस्थान के संचालक हिमांशु दुग्गर व परिवारजनों व टीम के प्रति सभा के माध्यम से हार्दिक कृतज्ञता भी ज्ञापित किए, जिन्होंने छत्तीसगढ़ में बाबा ए नागराज प्रणेता चेतना विकास मूल्य शिक्षा व जीवन विद्या के माध्यम व मार्गदर्शन से से करोड़ों रुपए खर्च कर 100 एकड़ जमीन में मानव तीर्थ की स्थापना मानव समाज, अखंड समाज सार्वभौम व्यवस्था की स्थापना के लिए बनवाया है। कार्यक्रम का संचालन अंकित पोगुला मानव तीर्थ ने किया। उन्होंने यूथ कैंप से युवाओं में आने वाले बदलावों को रेखांकित किया। योगेश शास्त्री बुलढाना महाराष्ट्र ने हिवरे बाजार में प्रतिवर्ष करोड़ों लीटर वर्षा जल संचय व आदमी के मानसिकता विकास के बारे में बताया। डाक्टर संकेत ठाकुर अभ्युदय संस्थान अछोटी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। राखी कोकडिया मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही ने हम जहां हैं, वहां के लोगों को जीवन विद्या सूचना देने की बात कही। बाबूलाल नायक रायगढ़, सुरेंद्र गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया।

## ईडब्लूएस कॉलोनी गणेश पंडाल में फैंसी ड्रेस स्पर्धा

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विभा प्रथम, श्रेया द्वितीय रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



ईडब्लूएस कॉलोनी में सिद्धिविनायक गणेशोत्सव समिति द्वारा द्वितीय वर्ष गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष आयोजित हो रहे गणेश उत्सव में रविवार रात भगवान गणेश की आरती व भोग पश्चात बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई। इसमें बालक-बालिकाओं ने अनेक वेशभूषा, बालिका शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में कॉलोनी के लगभग 15 बच्चों ने हिस्सा लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शिक्षक चंचल पटेल, छात्र तिशांत पटेल, शिक्षक माही निषाद, छात्र गाथा निषाद, आदिवासी महिला विधा तिवारी, तितली रानी, अन्नू एन अनुपमा, कृष्ण दीक्षांत गुरुप्रेस साहू, मॉडल गर्ल ऐल्विन, आर्मी जवान डालेंद्र जायसवाल, परी श्रेया यादव, आर्मी जवान वेदांत यादव, आकृति ने छात्र के रूप में अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिसे कॉलोनीवासियों ने सराहा और उत्साहवर्धन किया। निर्णायक कॉलोनी के शुभम पोर्ते व किशन श्याम रहे। प्रतियोगिता में प्रथम विभा तिवारी, द्वितीय श्रेया यादव एवं एल्विन बंजारे रहे। पुरस्कार वितरण में सुनील तिबुड़े, सोनल तिवारी और हर्षा हिशीकर ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कमलेश पटेल ने किया। कार्यक्रम में सिद्धिविनायक गणेशोत्सव समिति ईडब्लूएस कॉलोनी के सदस्यों के साथ-साथ कॉलोनीवासियों का भी सहयोग रहा।

## रंजीत को मिला छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा

शिखर साहित्य आकदमी छत्तीसगढ़ द्वारा लोककला, साहित्य पर वैचारिक संगोष्ठी एवं राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कि सुप्रसिद्ध नाचा गम्मत कका भतीजा नाचा गम्मत सराईपाली कोमाखान के संस्थापक रंजीत चक्रधारी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कमलचंद्र भंजदेव राजमहल जगदलपुर जिला बस्तर रहे। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, अध्यक्षता नवीन अग्रवाल अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर ने की। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से रंजीत का सम्मान किया गया। यह सम्मान नाचा गम्मत के संरक्षण व संवर्धन करने के साथ साथ उनके उत्थान के लिए किए जा रहे कार्य एवं अपने संस्था कका भतीजा नाचा गम्मत के माध्यम से सामाजिक जनजागरुकता, विभिन्न प्रकार के नाटकों जैसे, बाल-विवाह, दहेज प्रथा, अंधविश्वास, नशा उन्मूलन एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अनेक शिक्षाप्रद नाटक द्वारा दर्शकों को जनजागरूक एवं प्रेरित करने के कार्यों के लिए मिला। वे छत्तीसगढ़ प्रदेश के 18 जिलों के 455 नाचा गम्मत के कलाकारों को संगठित करते हुए विलुप्त हो रहे नाचा गम्मत को एक संजीवनी देने का कार्य करने जैसे अनेक प्रकार के नवाचारी रचनात्मक कार्यों से समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे है। अपने जीवन काल में 25 बार रक्तदान सहित सैंकड़ों के संख्या में पौधरोपण किए है।

ज्ञात हो कि रंजीत को पूर्व में कला शिरोमणि राष्ट्रीय पुरस्कार मुंबई द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान पाकर अपने आप को एक नाचा गम्मत कलाकार के रूप में गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और यह सम्मान सभी नाचा गम्मत कलाकारों को समर्पित किए है। इस छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित होने पर प्रदेश के नाचा गम्मत कलाकारों ने हर्ष जताया है।

### आशीबाई स्कूल में सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा विषय पर हुई जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता

**महासमुंद।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया, जिसका विषय था-सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थे। अध्यक्षता संदीप दीवान ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला समन्वयक साक्षरता कमलनारायण चंद्राकर, पार्षद सीता डोंडेकर, प्राचार्य जीआर सिन्हा तथा पुलिस विभाग के यातायात प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में जिले के पांचों विकासखण्डों से चयनित तीन-तीन टीमें कुल पन्द्रह टीमें भाग लिए। जिसमें से महासमुंद विकासखंड के शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की टीम प्रथम स्थान प्राप्त की, जिन्हें सात हजार रुपए की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय स्थान पर विकासखंड पिथौरा की टीम तथा तृतीय स्थान पर विकासखंड बसना की टीम रहीं, जिन्हें क्रमशः पांच हजार तथा तीन हजार रुपए पुरस्कार में दिए गए। इसी तरह सांत्वना पुरस्कार के रूप में सेजेस कोमाखान, सेजेस तुमगांव, सेजेस सरायपाली, सेजेस बागबाहरा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग की टीमों को दो-दो हजार रुपए प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के निर्णायक प्राचार्य समीर प्रधान, प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, एपीसी संपा बोस, तुलेंद्र सागर तथा हेमंत खुंटे थे। कार्यक्रम का संचालन पूजा साहू तथा आभार प्रदर्शन ज्योति किरण चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खेमलता कंवर, प्रज्ञा लांजेवार, आशीष देवांगन, कीर्तन साहू, नोबल ध्रुव, दुर्गेश नंदिनी यदु, छाया रंगारी, अनिता साहू, भारती यादव सहित शाला के समस्त शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## केंद्रीय विद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं कला उत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद




केंद्रीय विद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं कला उत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य संजय कंसल ने की। मुख्य अतिथि आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य अमी रुफस रहीं। कार्यक्रम का आरंभ कला की देवी मां शारदा के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

तत्पश्चात प्राचार्य संजय कंसल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथिगण एवं निर्णायकों का अभिनंदन किया। स्वागत गीत एवं नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। रायपुर संभाग के अंतर्गत नौ विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने कला के विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने नृत्यकला, चित्रकला, नाटक, वाद्ययंत्र वादन, गायन, अभिनय के साथ पारंपरिक कहानी कथन आदि विधाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम का मंच संचालन सीएलए प्रभारी जितेन्द्र चंद्राकर तथा टीम के सदस्यों दशरथ राम यादव, गुलाब राम आवडे, ओपी चंद्राकर, डॉली चोपड़ा, अनिशा एवं दीक्षा ने किया। संपूर्ण आयोजन कला शिक्षक जीके निर्मलकर के नेतृत्व में और प्राचार्य संजय कंसल के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ शिक्षक एसके सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन से किया गया।

## सशिमं में पर्यावरण संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद




पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं टिकाऊ जीवनशैली के उद्देश्य को लेकर पहल फाउंडेशन द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर मचेवा में 01 सितंबर 25 को एक व्यापक पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, पहल फाउंडेशन के सदस्य एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय से अरविंद साहू सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) एवं भूतपूर्व सैनिक उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण का मानव जीवन, अन्य जीव जंतुओं तथा वनस्पति के लिए महत्त्व, पर्यावरण प्रदूषण के बढ़ते स्तर एवं वृक्षान्मूलन के संबंध में विस्तारपूर्वक में जानकारी दी। पहल फाउंडेशन द्वारा पूर्व में विद्यालय परिसर में पेन बिन लगाया गया है। ताकि, विद्यार्थी उपयोग किए गए पेन को इधर-उधर फेंकने के बजाय सुरक्षित रूप से उसमें डाल सकें। इस पहल से पर्यावरण में प्लास्टिक कचरे को कम करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान पेन बिन का सही उपयोग करने वाले 40 विद्यार्थियों को फाउंडेशन के संस्थापक प्रणिता साहू द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक मुक्त घर, विद्यालय एवं गांव की दिशा में कार्य करने की शपथ दिलाई। वक्ताओं ने कहा कि यदि हम एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का त्याग कर वैकल्पिक साधनों जैसे कपड़े के थैले, मिट्टी/स्टील के बर्तनों और कागज के उपयोग को अपनाएं, तो पर्यावरण को प्रदूषण से बचाया जा सकता है। कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायक पहलू रहा, एक जन्मदिन, एक पौधा। विद्यालय परिवार और पहल फाउंडेशन ने मिलकर यह निर्णय लिया कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने जन्मदिन पर घर या विद्यालय परिसर में एक पौधा लगाएगा। अंत में विद्यालय प्रबंधन, पहल फाउंडेशन के पदाधिकारी ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि इस अभियान को निरंतर जारी रखा जाएगा और इसे एक सामाजिक आंदोलन के रूप में विकसित किया जाएगा। संस्था के प्रधानाचार्य बसंत कुमार कोसरे ने छात्रों से आव्हान किया कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रत्येक विद्यार्थी की सहभागिता महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मचेवा के समस्त शिक्षकगण श्वेता साहू, रेणुका साहू, पुष्प देवांगन, सावित्री साहू, पूजा चक्रधारी, मनीषा साय, पूजा साहू, तुलसी साहू, देवकी कंवर, जागृति देवांगन, रोशन कोसरे मौजूद रहे।

### रजत जयंती समारोह के तहत 5 से 12 सितंबर तक कॉलेज में होंगे विविध आयोजन

# रजत जयंती समारोह को लेकर हुई बैठक, किया कार्य विभाजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह के संबंध में महाविद्यालय स्तर पर रजत जयंती समारोह का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं प्राचार्य करुणा दुबे मार्गदर्शन में 5 सितंबर से 12 सितंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा।

प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में संयोजक डॉ मालती तिवारी एवं सहसंयोजक डॉ नीलम अग्रवाल द्वारा कार्य विभाजन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। रजत जयंती समारोह के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं क्रियान्वयन योजना पर चर्चा की गई। जिसमें 8 सितंबर 2025 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जिसका विषय छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्षों की उपलब्धियां है, भाषण प्रतियोगिता विषय छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत एवं मेरे सपनों का छत्तीसगढ़ है तथा ग्रुप डिस्कशन जिसका विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 है, जिसके प्रभारी डॉ दुर्गावती भारतीय सहायक प्राध्यापक हिंदी होंगे। इसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी, पूर्व छात्र, नागरिक भाग ले सकते है। इसी क्रम में 09 सितंबर 2025 को रजत जयंती पुस्तक मेला कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसके प्रभारी डॉ आरके अग्रवाल सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र होंगे। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी इकाईयों द्वारा परिचर्चा, नुक्कड़ नाटक, रैली पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई होंगे।

10 सितंबर 2025 को सगोष्ठी/आमंत्रित वक्तव्य/परिचर्चा का करना। जिसके प्रभारी मनीराम धीवर सहायक प्राध्यापक भौतिकी होंगे। 11 सितंबर 2025 को एल्युमनी मीट कार्यक्रम होगा। जिसमें सत्र 2000-2001 के पश्चात में प्रवेश लिए विद्यार्थी के लिए आयोजित किया जाएगा। जिसके प्रभारी डॉ मालती तिवारी कार्यक्रम संयोजक होंगे। 12 सितंबर 2025 को जॉब फेयर जिले के अग्रणी महाविद्यालय में जॉब फेयर का आयोजन कर विभिन्न संस्थाओं/प्रतिष्ठान को आमंत्रित करेंगे। प्रभारी दिलीप कुमार बढ़ाई होंगे। बैठक में डॉ आरके अग्रवाल, मनीराम धीवर, डॉ दुर्गावती भारतीय, एसआर रात्रे, अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, दिलीप कुमार बढ़ाई, प्रदीप कन्हेर, सरस्वती सेठ, आशुतोष पूरी गोस्वामी, दिलीप कुमार लहरे उपस्थित रहे।

